कॉर्डाइट समाचार

कॉर्डाइट निर्माणी अरुवनकाडु

राजभाषा कार्यान्वयन समिति

तिमाही संस्करण संयुक्तांक–79 एवं 80 जनवरी-जून 2020

==========

महाप्रबंधक का संदेश

सुदूर दक्षिण में स्थित तमिलनाडु राज्य के पहाड़ी क्षेत्र, पर्वतों की रानी नीलगिरी में स्थित, 100 साल से अधिक समय तक, भारतीय सशस्त्र सेनाओं के लिए प्रोपेलेन्ट के उत्पादन में अग्रणी एवं आयुध निर्माणी बोर्ड की एक प्रतिष्ठित प्रतिरक्षा उत्पादन ईकाई, कॉर्डाइट निर्माणी, अरुवनकाडु में दि.09 मार्च 2020 को महाप्रबंधक के पद पर कार्यभार ग्रहण करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है ।

इस निर्माणी के गौरवपूर्ण इतिहास और राष्ट्र के प्रति इस निर्माणी द्वारा प्रदत्त सेवा के बारे में आप सभी अवगत हैं । प्रारंभ से आज तक के इस निर्माणी के वैभवपूर्ण इतिहास को अपने खून और पसीने से समृद्ध करनेवाले भूत और वर्तमान कार्मिकों और अधिकारियों के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूँ । आप ने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्टता लाते हुए कॉर्डाइट निर्माणी को एक विशिष्ट स्थान एवं पहचान प्रदान किया है । उत्पादन, संरक्षा, मानव संसाधन विकास, गुणवत्ता, कार्मिक प्रबंधन, राजभाषा और अन्य अनेक क्षेत्रों में निर्माणी ने अपनी एक विशिष्ट कार्य संस्कृति की स्थापना की है ।

आज के बदलते परिवेश में निर्माणी और निर्माणी के समस्त कामगार, स्टाफ और अधिकारियों को अपने स्वर्णिम अतीत से आगे बढ़कर उज्ज्वल भविष्य की और अग्रेसर होना अनिवार्य हो गया है । नवीनतम तकनीकियों को अपना कर, उत्पादन के नए क्षेत्र खोजकर, नए दृष्टिकोण को अपना कर निर्माणी को वर्तमान चुनौतियों के अनुरूप सशक्त एवं आधुनिक बनाना हम सब का प्रथम कर्तव्य है । इस लिए हमें अपनी नीति और सोच को रूढीवादिता से हटाकर आधुनिकता की ओर ले जाना आवश्यक है ।

अत : मैं निर्माणी के समस्त कामगार, स्टाफ, अधिकारी एवं यूनियन, एसोसियेश्न के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों और संबद्ध स्थापनाओं से अपील करता हूँ कि हम सब एक होकर राष्ट्र के प्रति अपनी सेवा और कर्तव्यों का सफल निष्पादन निष्ठा के साथ करें । कॉर्डाइट निर्माणी अरुवनकाडु एवं संबद्ध स्थापनाओं के समस्त कार्मिकों और उनके परिवार जनों को आयुध निर्माणी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ ।

हस्त/-
(संजय वखलू)
महाप्रबंधक

आयुध निर्माणी दिवस

दिनांक 18 मार्च 2020 को निर्माणी में आयुध निर्माणी दिवस मनाया गया । इस दिन सुबह 1000 बजे महाप्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में महाप्रबंधक श्री संजय वखलू द्वारा आयुध निर्माणी दिवस ध्वज फहराया गया ।

तदुपरांत तमिल, हिन्दी और अंग्रेज़ी में आयुध निर्माणी दिवस शपथ लिया गया । इस के बाद महानिदेशक एवं अध्यक्ष, आयुध निर्माणी बोर्ड के आयुध निर्माणी दिवस संदेश तमिल, हिन्दी और अंग्रेज़ी में वाचन किया गया ।

तत्पश्चात् श्री एम.आर.सुमोन, कनिष्ठ कार्यप्रबंधक को आयुध श्री पुरस्कार प्रदान किया गया । उत्कृष्ट सेवा हेतु श्री टी.एल.वी.एस.शंकर, कार्यप्रबंधक, श्री चंदन कुमार, कार्यप्रबंधक और श्री एम.के.नरेश कुमार, सहायक कार्यप्रबंधक को महाप्रबंधक ने प्रमाण पत्र और कलाई घड़ी प्रदान की । निर्माणी उच्च माध्यमिक विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय पुरस्कार, उत्कृष्ट कार्मिक, उत्कृष्ट सुझाव, खेल कूद क्षेत्र में योगदान देनेवाले खिलाड़ियों को पुरस्कार के साथ आयुध निर्माणी दिवस के दौरान आयोजित नारा प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को भी महाप्रबंधक ने पुरस्कार वितरण किया ।

इस के अलावा निर्माणी की प्रगति में योगदान दिए पच्चीस साल पूर्ण किए कार्मिकों को महाप्रबंधक महोदय ने चाँदी का पदक प्रदान किया ।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने अपने उद्बोधन में संपूर्ण निर्माणी को एक जुट होकर राष्ट्र की रक्षा निमित्त कार्य करने का अनुरोध किया । उन्होंने उत्पादन के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकियों को अपना कर आधुनिकता की ओर अग्रेसर होने हेतु आह्वान किया । संरक्षा के प्रति ध्यान देते हुए उन्होंने बताया कि सभी संरक्षा मानदंडों को अपनाकर सुरक्षित वातावरण उत्पादन प्रक्रिया संपन्न होना चाहिए । उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी कार्मिकों को उन्होंने बधाई दी ।

निर्माणी के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए बदलते परिवेश में समय के अनुसार जागकर गुणता पूर्ण उत्पाद करने हेतु महाप्रबंधक महोदय ने सभी को निदेश दिया । निर्माणी द्वारा बनाए जा रहे बीएमसीएस के बारे में उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह उत्पाद विश्वस्तरीय गुणतायुक्त उत्पाद है और यही निर्माणी को उज्ज्वल भविष्य प्रदान करेगा । नवीनतम औद्योगिक तकनीकी 4.0 को अपनाकर गुणता पूर्ण उत्पाद कर उत्पादन प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए उन्होंने सभी से अपील किया ।

आयुध निर्माणी दिवस दीर्घा

निर्माणी दिवस ध्वजारोहण
द्वारा महाप्रबंधक श्री संजय वखलू

आयुध निर्माणी दिवस
शपथ ग्रहण समारोह

आयुध श्री पुरस्कार वितरण
करते हुए महाप्रबंधक

उत्कृष्ट योगदान हेतु पुरस्कार वितरण

आयुध निर्माणी दिवस के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के
विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए महाप्रबंधक श्री संजय वखलू

गणतंत्र दिवस

निर्माणी में 26-01-2020 को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम का शुरुआत निर्माणी परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पंडित जवहरलाल नेहरू की प्रतिमाओं पर प्रभारी अधिकारी श्री ए.के.डेनियल द्वारा माल्यार्पण के साथ हुआ । तदुपरांत निर्माणी सभा कक्ष प्रांगण में श्री ए.के.डेनियल, प्रभारी अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया । रक्षा सुरक्षा कोर, अग्नि शमन सेवा और सुरक्षा दरवानों द्वारा राष्ट्रध्वज को सलामी दी । रक्षा उत्पादन में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए निर्माणी कार्मिकों को प्रभारी अधिकारी ने प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किया ।

अंकुर विद्या मंदिर में उपाध्यक्षा श्रीमती नागलता चेट्टी द्वारा ध्वजारोहण किया गया और बच्चों को उन्होंने मिठाई बाँटी ।

मुख्य समारोह का आयोजन निर्माणी स्कूल क्रीडांगन में किया गया । प्रभारी अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया और रक्षा सुरक्षा कोर, अग्नि शमन सेवा, सुरक्षा दरवान और स्कूल छात्रों ने राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रध्वज को सलामी दी । तदुपरांत रक्षा सुरक्षा कोर, अग्निशमन सेवा, सुरक्षा दरवान और स्कूल छात्रों ने शानदार परेड का प्रदर्शन किया । इस के बाद प्रभारी अधिकारी ने अपना गणतंत्र दिवस संदेश दिया । निर्माणी परिसर में स्थित अंकुर विद्या मंदिर, निर्माणी उच्च माध्यमिक विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय और डेम्स स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया । अरुवनकाडु स्थित कराटे समूह के बच्चों ने कराटे का शानदार प्रदर्शन प्रस्तुत किया ।

ध्वजारोहण करते हुए प्रभारी प्रभारी अधिकारी श्री ए.के.डेनियल

गणतंत्र दिवस परेड

गणतंत्र दिवस संदेश देते हुए अधिकारी श्री ए.के.डेनियल

रक्षा उत्पादन में उल्लेखनीय योगदान हेतु पुरस्कार प्रदान करते हुए प्रभारी अधिकारी

गणतंत्र दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम

विश्व मातृभाषा दिवस

दि.21 फरवरी 2020 को विश्व मातृभाषा दिवस मनाया गया । 21 फरवरी 2020 को शताब्दी भवन में 0300 बजे आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी अधिकारी श्री ए.के.डेनियल मुख्य अतिथि थे । डॉ.एम.ए.पी.भट्ट, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने उपस्थित सभी को स्वागत करते हुए विश्व मातृभाषा दिवस मनाने के पीछे युनेस्को के उद्देश्य और इस दिवस के महत्व से सबको अवगत कराया । अपने बीज भाषण में प्रभारी अधिकारी श्री ए.के.डेनियल ने मानव समुदाय में भाषा के महत्व के बारे में उल्लेख करते हुए कहा कि निजी ज़िन्दगी और सामाजिक जीवन में मानव ने जो प्रगति हाज़िल की है उन सब का मूल भाषा है । भाषा के बिना मानव जीवन अधूरा है । इस के बाद बडगा, तमिल, मलयालम, कन्नड, तेलुगू, मराठी, उडिया, बंगाली, हिन्दी आदि भाषाओं में बहुभाषी कवि सम्मेलन और मानव जीवन में भाषा के महत्व पर एक लघु नाटक का प्रस्तुतीकरण भी किया गया ।

विश्व मातृभाषा दिवस बहुभाषि कवि सम्मेलन

कविता प्रस्तुति- बडगा में
श्रीमती उदयभानु

कविता प्रस्तुति-तमिल में
श्री कार्तिकेयन, शिक्षक

कविता प्रस्तुति--उडिया में
श्री संतोष कुमार साहु

कविता प्रस्तुति--तमिल में
डॉ.राजेश गोपाल

कविता प्रस्तुति- कन्नड में
श्रीमती प्रवीणा

कविता प्रस्तुति-तेलुगु में
कु.डी.श्रीदेवी

कविता प्रस्तुति--मलयालयम में
श्री श्रीनाथ, चार्जमैन

कविता प्रस्तुति--मराठी में
कल्पना शेल्लार, मेट्रण

कविता प्रस्तुति- बंगाली
श्री असित तरफदार

कविता प्रस्तुति-हिन्दी में
श्री ब्रजभूषण चतुर्वेदी

विशेष हिन्दी कार्यशाला

राजभाषा विभाग, नई दिल्ली और आयुध निर्माणी बोर्ड, कोलकाता के निदेशानुसार निर्माणी के समूह - ए अधिकारियों के लिए दि.15 फरवरी 2020 को एक विशेष हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

श्री हरि गणेश, सहायक निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना, कोयंबत्तूर अतिथि संकाय के रूप में कार्यशाला में उपस्थित रहे ।

विशेष कार्यशाला के इस सत्र में निर्माणी के 30 समूह-ए अधिकारियों को राजभाषा नियम-विनियम संबंधी जानकारी के साथ-साथ राजभाषा से संबंधित अद्यतन ऐपों की सूचना दी गई । इंटरनेट के माध्यम से इन ऐपों का डाउनलोडिंग और नियमित प्रयोग के बारे में पूरे सत्र में अतिथि वक्ता ने प्रशिक्षण प्रदान किया ।

प्रशिक्षण सत्र में अतिथि संकाय श्री हरि गणेश

प्रशिक्षण सत्र

प्रशिक्षण सत्र में उद्बोधन
द्वारा श्री टी.एल.वी.एस.शंकर, कार्यप्रबंधक

प्रशिक्षण सत्र में संदेश देते हुए प्रभारी अधिकारी
श्री ए.के.डेनियल

महिला दिवस

कॉर्डाइट निर्माणी में दि.02 मार्च 2020 से दि.07 मार्च 2020 तक महिला सप्ताह और 07 मार्च 2020 को महिला दिवस मनाया गया । इस दौरान महिला कार्मिकों के लिए विविध गतिविधियाँ अर्थात् कवि सम्मेलन, गायन, नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इस के अलावा अनेक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी इस दौरान महिला कार्मिकों के लिए किया गया । डॉ.सुजाता सामुअल, पुष्पा अस्पताल,कुनूर के नेतृत्व में स्त्रीरोग संबंधी जागरूकता सृजन हेतु एक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन निर्माणी शताब्दी भवन में किया गया । ईशा योगा केंद्र, कोयंबत्तूर के सहयोग से एक योगा शिविर का आयोजन किया गया । मुख्य कार्यक्रम का आयोजन 07 मार्च 2020 (08 मार्च रविवार होने के कारण) को निर्माणी शताब्दी भवन में किया गया । इस दिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम और महिला कार्मिकों के लिए विशेष मध्याह्न भोज का आयोजन किया गया ।

महिला दिवस की झाँकियाँ

कोविड-19 के फैलाव के रोकथाम हेतु निवारक उपाय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा कोविड-19 के रोकथाम हेतु निर्धारित उपाय सभी कर्मचारियों के सूचनार्थ प्रकाशित किया जा रहा है :-

1. मुँह आवरण या मास्क का प्रयोग अनिवार्यत: करें ।
2. भले ही हाथ गंदा न दिखने पर भी बार-बार साबुन से हाथ (न्यूनतम 40-60 सेकेन्ट) धोयें । जहाँ तक संभव हो अम्ल आधारित हैन्ड सेनिटैसर का प्रयोग (न्यूनतम 20 सेकेन्ट) करें ।
3. श्वास संबंधी शिष्टाचार का सख्त पालन करें । खांसी/छींक के दौरान मुँह और नाक टिश्यू/रूमाल/मुड़ी हुई कोहली से बंद करें और टिश्यू का उचित निपटान करें ।
4. सभी अपने स्वास्थ्य का स्व निरीक्षण करें और कोई बीमारी होने पर अपने आसन्न निरीक्षण अधिकारी को रिपोर्ट करें ।
5. थूकना सख्त रूप से वर्जित है ।
6. नियंत्रण क्षेत्र में निवास कर रहे अधिकारी या स्टाफ तत्संबंधी सूचना पर्यवेक्षी अधिकारी को दें और पुन: घोषणा तक कार्यालय में उपस्थित न रहें । ऐसे कार्मिकों को घर में काम हेतु अनुमति प्रदान करें और इस अवधि को अवकाश के रूप में न माना जाएं ।
7. अतिजोखिम वाले सभी कर्मचारी अर्थात् वयस्क कर्मचारी, गर्भवती कर्मचारी और चिकित्सा लेनेवाले कर्मचारियों को विशेष सावधानी हेतु सलाह दें ।
8. सभी अधिकारियों, स्टाफ और आगंतुकों को मुँह आवरण या मास्क के साथ ही प्रवेश करने की अनुमति प्रदान करें । कार्यालय परिसर में सदैव मुँह आवरण या मास्क धारण करें ।
9. कार्य स्थल में विशेषकर बार-बार स्पर्श किया गया सतहों की समय-समय पर उचित सफाई सुनिश्चित करें ।
10. परिसर के भीतर प्रभावी और बारंबार सफाई बनाए रखें खासकर शौचालय, पानी पीने का और हाथ धोनेवाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दें ।
11. कार्यालय परिसर और सार्वजनिक क्षेत्रों में बार-बार स्पर्श किया गया सतहों (दरवाज़े का दस्ता, एलिवेटर बटन,डंडा,बेंचस, शौचालयों जुड़नार आदि) की नियमित रूप से सफाई और विसंक्रमण (1% सोडियम हैपोक्लोराईट का प्रयोग कर) करें ।
12. आगंतुकों या कर्मचारियों द्वारा जमा किए गए मुँह आवरण/मास्क/दस्ताने का उचित निपटान सुनिश्चित करें ।

13. कैन्टीन और भोजन कक्ष में निम्न का पालन करें :-
    1. सामूहिक दूरी मानदंडों को सुनिश्चित करने हेतु भीड़ और कतार का उचित प्रबंधन करें ।
    2. स्टाफ/ वेटर मास्क और दस्ताने धारण करें और आवश्यक एहतियाति उपाय सुनिश्चित करें ।
    3. ग्राहकों के बीच जहाँ तक संभव हो सके 1 मीटर की दूरी सुनिश्चित करके बैठने की व्यवस्था करें ।
    4. रसोई घर में स्टाफ सामूहिक दूरी मानदंडों का पालन करें ।

उपरोक्त निर्देशों में स्पष्ट किए गए सामूहिक दूरी मानदंडों और स्वास्थ्य और स्वच्छता विनिर्देशों का सख्त पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकारी कर्मचारियों को उत्तरदायी कार्मिक के नाते इनका पालन करना चाहिए ताकि वर्तमान परिस्थिति में सरकारी कार्यालय प्रभावी रूप से कार्य कर सकें । अत: सभी कर्मचारियों से यह अनुरोध किया जाता है कि इन निर्देशों का सख्त पालन सुनिश्चित करें ।

Preventive measures to be taken to contain the spread of Novel Coronavirus (COVID-19)

The preventive measures to contain spread of COVID-19 prescribed by the Ministry of Health & Family Welfare are given below for information of all employees.

a. Use of face covers/masks to be mandatory
b. Practice frequent hand washing with soap (for at least 40-60 seconds) even when hands are not visibly dirty. Use of alcohol-based hand sanitizers (for at least 20 seconds) can be made wherever feasible.
c. Respiratory etiquettes to be strictly followed. This involves strict practice of covering one's mouth and nose while coughing/sneezing with a tissue/handkerchief/flexed elbow and disposing off used tissues properly.
c. Self-monitoring of health by all and reporting any illness at the earliest to the immediate supervisory officer.
d. Spitting shall be strictly prohibited.
e. Any officer and staff residing in containment zone should inform the same to supervisory officer and not attend the office till containment zone is denotified. Such staff should be permitted to work from home and it will not be counted as leave period.
f. Advise all employees who are at higher risk i.e., older employees, pregnant employees and employees who have underlying medical conditions, to take extra precautions.
g. All Officers and staff / visitors to be allowed entry only if using face cover/masks. The face cover / mask has to be worn at all times inside the office premises.
h. Proper cleaning and frequent sanitization of the work place, particularly of the frequently touched surfaces must be ensured.
i. Effective and frequent sanitation within the premises shall be maintained with particular focus on lavatories, drinking and hand washing station/areas.
j. Cleaning and regular disinfection (using 1% sodium hypochlorite) of frequently touched surfaces (door knobs, elevator buttons, hand rails, benches, washroom fixtures, etc.) shall be done in office premises and in common areas.
k. Proper disposal of face covers / masks / gloves left over by visitors and/or employees shall be ensured.
l. In the cafeteria/canteen/dining halls:

    i. Adequate crowd and queue management to be ensured to ensure social distancing norms.
    ii. Staff / Waiters to wear mask and hand gloves and take other required precautionary measures.
    iii. The seating arrangement to ensure a distance of at least 1 meter between patrons as far as feasible.
    iv. In the kitchen, the staff to follow social distancing norms.

It is emphasized that strict adherence to the practices of social distancing norms and health & hygiene practices, as enunciated in these guidelines, is of paramount importance and the Government servants as responsible employees should abide by these practices so that the Government offices function in the most efficient manner in the given situation. Therefore, all the employees are directed to ensure strict compliance of the instructions.

संपादक मंडल :- मुख्य संरक्षक:- श्री संजय वखलू , महाप्रबंधक, **मार्गदर्शन:-** श्री ए.के.डेनियल, अपर महाप्रबंधक, **प्रधान संपादक:-** श्री टी.एल.वी.एस.शंकर, कार्यप्रबंधक/प्रशासन, **संपादक :-** श्रीमती मीरा रॉय,वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, **सह संपादक:-** डॉ.एम.ए.पी.भट्ट, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, **सहयोग:-** श्री जी.एम.कासिम, हिन्दी टंकक